# Delhi Public School Gandhinagar

## Academic session (2026-27)

Class: III

Study Matereials

# SEPTEMBER: 2026

## Subject: HINDI

## पाठ - 4 प्रकृति-संदेश



| | | | |
|---|---|---|---|
| | **1** | 'प्रकृति-संदेश' कविता के अनुसार किसे हमारा गुरु बताया गया है? | |
| | | i. आसमान को | ii. प्रकृति को |
| | | iii. गुरुदेव को | iv. सोहन लाल को |
| | **2** | कथन-तुम भी ऊँचे बन जाओ- ऐसा संदेश पर्वत देते हैं\|<br>कारण- उन्हें ज्ञान देना अच्छा लगता है\| | |
| | | (i) कथन और कारण दोनों सही हैं\|<br>(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं\|<br>(iii) कथन सही है, किंतु कारण गलत है\|<br>(iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है\| | |
| | 3 | मन में गहराई लाओ- प्रकृति के किस उपादान(वस्तु) द्वारा गहराई का संदेश मिलता है? | |
| | 4 | पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो- इस वाक्य में किस शब्द का अर्थ धीरज या सब्र है? | |
| | 5 | जहाँ जाओगे, मुझे पाओगे<br>नीले रंग का हूँ, ढक सकता हूँ सारा संसार \| बूझो मेरा क्या है नाम? | |
| | | i. नदी | ii. आकाश |
| | | iii. पेड़ | iv. पर्वत |


## पाठ- 5 सबसे बड़ा आशीर्वाद



| | | | |
|---|---|---|---|
| | 1 | मेरे माता-पिता मुझसे बहुत प्यार करते हैं- इस वाक्य में ‘मेरे’ और ‘मुझसे’ शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है? | |
| | | i. माता के लिए | ii. पिता के लिए |
| | | iii. नेहा के लिए | iv. माता-पिता के लिए |
| | 2 | मेरी मम्मी का नाम सरिता है\| वे घर का हर काम इतनी अच्छी तरह से करती हैं कि कोई देखकर हैरान रह जाए\| वे रसोई में काम करते समय मसालों और दालों को छूकर और सूँघकर पहचान लेती हैं\| एक दिन मैंने पूछा, “मम्मी, आपको कैसे पता चलता है कि नमक कितना डालना है?” **(CASE BASED)** | |
| | (क) | मम्मी का नाम क्या है? | |
| | (ख) | सरिता मसालों और दालों की पहचान कैसे करती है? | |
| | (ग) | गद्यांश में से उस शब्द को छाँटकर लिखिए- जिससे सब्ज़ी नमकीन बनती है और उसके बिना स्वाद भी नहीं आता है\| | |
| | 3 | नेहा, कभी हार मत मानना\| इस वाक्य में से ‘जीत’ शब्द का विलोम शब्द छाँटकर लिखिए\| | |
| | 4 |   **(Picture Based)** | |
| | (क) | जो लोग देख नहीं सकते हैं, उन्हें क्या कहते हैं? | |
| | | i. नेत्रदीन | ii. नेत्रहीन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | iii. नावहीन | iv. चंचल |
| | (ख) | जो लोग देख नहीं सकते हैं, वे किताबें पढ़ने के लिए किस लिपि का प्रयोग करेंगे? उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए\| | |
| | | रोमन लिपि | ब्रेल लिपि |
| | (ग) | ब्रेल लिपि का आविष्कार किसने किया था? उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए\| | |
| | | लुई ब्रेल | सुई ट्रेल |
| | 5 | 'स्वयं पर निर्भर रहना' इस अर्थ के लिए किस शब्द का प्रयोग कर सकते हैं? | |
| | | i. आत्मसम्मान | ii. आत्मनिर्भर |
| | | iii. आत्मीयता | iv. आत्मविश्वास |
| | 6 | पाठ में बच्चों की दुनिया का सबसे बड़ा आशीर्वाद किसे बताया गया है? | |
| | 7 | नेहा डॉक्टर बनकर दूसरों की मदद करना चाहती है, और ऐसे कौन-कौन से लोग होते हैं जो अपने कार्यों द्वारा दूसरों की सेवा करते हैं? किन्हीं दो के नाम लिखिए\| | |

**पाठ - 6 मैंने रंग बनाए**



| | | | |
|---|---|---|---|
| | 1 | इस चित्र को सुंदर बनाने के लिए आप क्या करेंगे? अपने ज्ञान के आधार पर उस वस्तु का प्रयोग कर सुंदर बनाइए\| **(Picture Based)** | |
| | 2 | रंगों से जुड़े त्योहार का नाम लिखिए\| खाने में पीला रंग डालने के लिए किस मसाले का प्रयोग किया जाता है? | |
| | 3 | रवि ने किस रंग को बनाने के लिए किस वस्तु का प्रयोग किया था, सही शब्द से मिलान कीजिए - | |
| | | i. पीला रंग | (क) पत्ते |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ii. गुलाबी रंग | (ख) टमाटर | | |
| | | iii. लाल रंग | (ग) नीले फूल | | |
| | | iv. हरा रंग | (घ) हल्दी | | |
| | | v. नीला रंग | (ड.) चुकंदर | | |
| | | (i) ------ (ii) ------ (iii) ------- (iv) ------- (v) ------- | | | |
| | 5 | अगले दिन रवि ने अपना चित्र स्कूल में दिखाया\| शिक्षिका ने कहा, "वाह! रवि यह तो सबसे अनोखा चित्र है\| तुमने इन रंगों को कैसे बनाया?" रवि ने गर्व से कहा, "मैंने और माँ ने मिलकर ये रंग रसोई और बगीचे से बनाए\| **(CASE BASED)** | | | |
| | (क) | शिक्षिका ने रवि के चित्र को 'अनोखा' क्यों कहा होगा? | | | |
| | | i. रवि ने महँगे रंगों का प्रयोग किया था\| | ii. चित्र घर पर बनाया गया था\| | | |
| | | iii. चित्र बड़ा और सुंदर था\| | iv. चित्र में रंग भरने के लिए प्राकृतिक वस्तुओं का प्रयोग किया गया था\| | | |
| | (ख) | रवि ने किसके साथ मिलकर रंग बनाए? | | | |
| | 4 | रंगों के लिए माँ और रवि सबसे पहले घर के कौन-से स्थान पर गए? | | | |
| | 5 | रवि ने लाल रंग के लिए किसका प्रयोग किया? | | | |
| | | i. चुकंदर | ii. टमाटर | iii. पत्ते | iv. हल्दी |
| | | **<u>हिंदी व्याकरण</u>** | | | |
| | |  | | | |
| | 1 | <u>पिता</u> ने मुझे और <u>मेरी बहन</u> को कमरे में बुलाया\| इस वाक्य में आए रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए\| | | | |
| | 2 | निम्न शब्दों के लिंग की पहचान कर लिखिए :- | | | |
| | (क) | कटोरी | | | |
| | (ख) | गिलास | | | |
| | (ग) | बस | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | उचित शब्द से वाक्य पूरे कीजिए - | | | |
| | (क) | जिस रूप से स्त्री जाति का बोध हो, उसे _____________ कहते हैं\|(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग) | | | |
| | (ख) | हाथी और ________ तालाब किनारे खड़े थे\| (हाथी का स्त्रीलिंग रूप) | | | |
| | (ग) | ___________ पौधे लगा रहा है\| (मालिन / माली ) | | | |
| | (घ) | मेरी ________ मुंबई में रहती हैं\| (मौसाजी / मौसीजी) | | | |
| | 4 | समूह से अलग (लिंग वाले) शब्द पर x लगाइए\| | | | |
| | (क) | शेर | मोरनी | घोड़ा | बाघ |
| | (ख) | माली | मालकिन | हंसिनी | चुहिया |
| | (ग) | पंखा | चाबी | ताला | पंख |
| | 5 | वाक्य में आई क्रिया शब्दों से लिंग की पहचान कीजिए :- | | | |
| | (क) | चाय गरम हो रही है\| | | | |
| | (ख) | तालाब सूख गया है\| | | | |
| | | **वचन**   | | | |
| | 1 | संज्ञा शब्दों की संख्या बताते हैं, बोलो बच्चों हम क्या कहलाते हैं? | | | |
| | 2 | निम्नलिखित शब्दों का वचन बदलकर लिखिए - | | | |
| | (क) | केला का बहुवचन - ___________________ | | | |
| | (ख) | छाते का एकवचन - ___________________ | | | |
| | (ग) | रोटी का बहुवचन - ___________________ | | | |
| | (घ) | गुड़ियाँ का एकवचन - ___________________ | | | |
| | 3 | रेखांकित गलत शब्द के स्थान पर सही शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए :- | | | |
| | | संख्या एक होने पर <u>बहुवचन</u> का पता चलता है\| एक से अधिक संख्या होने पर <u>एकवचन</u> का पता चलता है\| | | | |
| | 4 | एकवचन से बहुवचन में बदलते समय कुछ संज्ञा शब्दों के रूप नहीं बदलते, ऐसे ही शब्द का चयन कीजिए\| | | | |
| | | i. तितली | ii. पेड़ | | |
| | | iii. पंखा | iv. दवाई | | |
| | 5 | चित्रों को देखकर उनके एकवचन और बहुवचन शब्द लिखिए - (PICTURE | | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | **BASED)** |
| | (क) |  ____________________ ____________________ |
| | (ख) |  ____________________ ____________________ |
| | (ग) |  --------------------------- ----------------------- |
| | (घ) |  ____________________ ____________________ |
| | | **<u>सर्वनाम</u>** |
| | |   |
| | 1 | संज्ञा शब्दों का प्रयोग बार-बार नहीं करने के लिए हम जिन शब्दों का प्रयोग करते |


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | हैं, उन्हें क्या कहते हैं? | | | |
| | | i. वचन | | ii. सर्वनाम | |
| | | iii. संज्ञा | | iv. लिंग | |
| | 2 | मैं अभी खेल रहा हूँ- रेखांकित शब्द का बहुवचन लिखिए\| | | | |
| | 3 | उन शब्दों को गोला कीजिए, जो सर्वनाम नहीं हैं:- | | | |
| | (क) | ये | वह | में | तुम्हारा |
| | (ख) | इनको | उसका | पैसा | कुछ |
| | (ग) | आगरा | आप | अपना | इन्होंने |
| | 4 | नीचे कुछ संज्ञा तथा सर्वनाम शब्द मिल गए हैं- उन्हें अलग-अलग कीजिए :- | | | |
| | | कोयल उन्होंने पेड़ क्या कोई कमीज़ मंदिर तुम्हारा | | | |
| | | सर्वनाम - _________ _____________ ______________ ______________ | | | |
| | 5 | रेखांकित संज्ञा शब्दों की जगह सर्वनाम लिखकर वाक्य लिखिए - | | | |
| | (क) | समर्थ जयपुर गया है\| समर्थ कल आएगा\| | | | |
| | (ख) | रमेश ने रमेश के दोस्तों को घर बुलाया\| | | | |
| | (ग) | एक किसान था\| किसान के चार बेटे थे\| | | | |
| | (घ) | राहुल और रोहित अच्छे दोस्त हैं\| राहुल और रोहित हमेशा साथ रहते हैं\| | | | |
| | 6 | सही सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए\| | | | |
| | (क) | __________ भाई का नाम रोशन है\| (मेरे, तुम, हमारा) | | | |
| | (ख) | __________ विद्यालय कल जाएगा\| (वह, उसे, मुझे) | | | |
| | | **विशेषण** | | | |
| | |  | | | |
| | 1 | दिए गए चित्र के आधार पर वाक्य पूर्ति विशेषण शब्दों से कीजिए- **(PICTURE BASED)** | | | |
| | (क) | आज रीमा का जन्मदिन है\| वह __________ से पार्क में अपना जन्मदिन मना रही है\| उसने अपने सभी __________ दोस्तों को भी वहाँ पर बुलाया है\| मोहित उसके लिए _________ केक लाया है\| सभी उसके लिए ____________ उपहार लाए हैं\| बगीचे में ___________ गुब्बारे लगे हुए हैं\| __________ आसमान में _____________ बादल सैर कर रहे हैं\| | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | |  | | | |
| | (ख) | जिराफ़ एक _______________ जानवर है\| इसकी गरदन _____________ होती है\| इसे _____________ पत्तियाँ खाना पसंद होती हैं\| | | | |
| | 2 | संज्ञा सर्वनाम शब्दों की विशेषता जो बतलाए, बोलो बच्चों वह क्या कहलाए? | | | |
| | | संज्ञा | वचन | क्रिया | विशेषण |
| | 3 | चित्र के लिए उचित विशेषण शब्द का चयन कीजिए - | | | |
| | (क) |  | मीठा | कड़वा | सुंदर |
| | (ख) |  | विशाल | छोटा | तीन |
| | (ग) |  | लंबा | गरम | हरा |
| | 4 | गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विशेषण शब्दों में लिखिए\| (CASE BASED) | | | |
| | | एक बड़ा और सुंदर बगीचा था। उसमें लाल और गुलाबी गुलाब के फूल खिले थे। बगीचे के कोने में एक आम का ऊँचा पेड़ था, जिस पर मीठे आम लगे थे। एक छोटा बच्चा रंगीन तितलियों के पीछे दौड़ रहा था। वहाँ एक सफ़ेद खरगोश भी उछल-कूद कर रहा था। बगीचा बहुत साफ़ और शांतिपूर्ण था। | | | |
| | (क) | बगीचा कैसा था? | | | |
| | (ख) | आम के ऊँचे पेड़ पर कैसे आम लगे थे? | | | |
| | (ग) | छोटा बच्चा कैसी तितलियों के पीछे दौड़ रहा था? | | | |
| | (घ) | खरगोश का रंग कौन-सा था? | | | |
| | (ड.) | 'लाल' शब्द का वाक्य प्रयोग कीजिए\| | | | |
| | 5 | सही विशेषण का चयन कीजिए - | | | |
| | (क) | राहुल के तीन गुब्बारे थे, हवा आने पर जिसमें से दो गुब्बारे उड़ गए\| बताओ अब राहुल के पास कितने गुब्बारे बचे? | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | तीन | दो | एक | कुछ भी नहीं |
| | (ख) | मैं एक फल हूँ और फलों का राजा कहलाता हूँ। गर्मियों के मौसम में आता हूँ। सभी मुझे बड़े चाव से खाते हैं। मुख्यतः पीले व हरे रंग का होता हूँ। मुझसे अचार भी बनाया जाता है। | | | |
| | | सेब | केला | तरबूज | आम |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **HALF YEARLY EXAM REVISION** | |
| | | **खण्ड (क)** | |
| **प्रश्न 1** | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** | **7X1=7** |
| | | हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर है। मोर देखने में बहुत ही सुंदर और आकर्षक होता है। इसके सिर पर एक सुंदर कलगी होती है। मोर के पंख लंबे और रंग-बिरंगे होते हैं। जब आसमान में काले बादल छा जाते हैं, तो मोर अपने पंख फैलाकर नाचने लगता है। मोर का नृत्य सभी को बहुत भाता है। मोर की आवाज़ बहुत सुरीली होती है, और इसकी सुंदरता बहुत निराली होती है। मादा मोर को मोरनी कहते हैं। मोरनी के पंख मोर जितने सुंदर नहीं होते। मोर किसानों का मित्र भी कहलाता है क्योंकि यह खेतों में साँपों और कीड़ों को खाकर फसलों की रक्षा करता है। हमें इस सुंदर पक्षी की रक्षा और सम्मान करना चाहिए। | |
| | (क) | हमारा राष्ट्रीय पक्षी कौन-सा है? | |
| | | i.  ii.  | |
| | | iii.  iv.  | |
| | (ख) | इसके सिर पर एक सुंदर कलगी होती है\| इस वाक्य में 'इसके' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है? | |
| | (ग) | आसमान में काले बादल देखकर हमारा राष्ट्रीय पक्षी क्या करने लगता है? | |
| | (घ) | हाथी की मादा को हथिनी कहेंगे, तो मोर की मादा को क्या कहेंगे? | |
| | (ड.) | मोर साँपों और कीड़ों को खाकर किसकी रक्षा करता है? | |
| | | i. स्वयं की    ii. किसान की | |
| | | iii. फसलों की    iv. किसी की भी नहीं | |
| | (च) | हमें इस सुंदर पक्षी की रक्षा और सम्मान करना चाहिए। इस वाक्य में विशेषण शब्द कौन-सा है? | |
| | | i. हमें    ii. सुंदर | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | iii. पक्षी | iv. सम्मान | |
| | (छ) | मोर किसानों का मित्र भी कहलाता है- इस वाक्य में से कोई दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए\| | | |
| **प्रश्न 2** | | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** | | **5X1=5** |
| | | सूरज आता रोज़ सवेरे,<br>दूर भगाता प्यारे अँधेरे।<br>मीठी-मीठी धूप बिखेरता,<br>जग को नया सवेरा देता।<br>सुबह हमें जल्दी उठना चाहिए,<br>दाँतों को अपने साफ़ करना चाहिए।<br>कसरत और व्यायाम करें,<br>स्वस्थ रहें और सदा खुश रहें। | | |
| | (क) | पद्यांश के अनुसार अँधेरे दूर भगाने के लिए रोज़ कौन आता है? | | |
| | | i. सवेरा | ii. प्यारे | |
| | | iii. सूरज | iv. बल्ब | |
| | (ख) | सूरज अगर धूप नहीं बिखेरता तो हमेशा क्या रहता? | | |
| | | i. अँधेरा | ii. रोशनी | |
| | | iii. प्रकाश | iv. सवेरा | |
| | (ग) | हमें किस समय जल्दी उठना चाहिए? | | |
| | (घ) | स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या करना चाहिए? | | |
| | (ड.) | 'पास' शब्द का विलोम शब्द लिखिए\| | | |
| | | **खण्ड (ख)** | | |
| **प्रश्न 3** | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर समझकर लिखिए :-** | | **3X1=3** |
| | (क) | शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध हो उसे पुल्लिंग कहते हैं\| शब्द से अगर स्त्री जाति का बोध हो, तो उसे क्या कहते हैं? | | |
| | (ख) | गायक का उत्तर गायिका है तो लेखक का उत्तर क्या होना चाहिए? | | |
| | (ग) | छात्रा गृहकार्य कर रहा है\| रेखांकित शब्द बदलकर सही वाक्य लिखिए\| | | |
| **प्रश्न 4** | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए -** | | **4X1=4** |
| | (क) | चित्र को पहचानकर उसका सही बहुवचन रूप लिखिए\| | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | i. |  | चिड़ियाँ | चिड़ियाएँ | |
| | ii. |  | तितलीयाँ | तितलियाँ | |
| | (ख) | सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए - | | | |
| | i. | मेरा ____________ नया है। ( बस्ते/बस्ता ) | | | |
| | ii. | मैंने सारी ____________ बस्ते में रख दी हैं। ( पुस्तक/पुस्तकें ) | | | |
| **प्रश्न 5** | | **चित्र को देखकर उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कीजिए -** | | | **4X1=4** |
| | |  | | | |
| | (क) | आसमान में एक सूरज है। _________ तेज़ी से चमक रहा है। ( वे, वह, तुम ) | | | |
| | (ख) | ___________ सभी बच्चे मस्ती से खेल रहे हैं। ( मेरा, हम, इसे ) | | | |
| | (ग) | सभी बच्चे _________ अच्छे दोस्त हैं। ( तुम्हें, आप, मेरे ) | | | |
| | (घ) | राधा _________ बहन को भी लेकर आई है। ( अपने, कुछ, अपनी) | | | |
| **प्रश्न 6** | | **नीचे लिखी कहानी में से कोई चार विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए -** | | | **4X1=4** |
| | | एक गर्म दिन, रोहन ठंडा पानी पीने के लिए नीले तालाब के पास गया। तालाब में रंगीन मछलियाँ तैर रही थीं। अचानक, उसे एक चालाक लोमड़ी दिखाई दी, जो मीठे जामुन खाना चाहती थी। लेकिन पेड़ बहुत ऊँचा था। तभी वहाँ एक मोटा और दयालु भालू आया। भालू ने लंबी लकड़ी की मदद से पके हुए मीठे जामुन गिरा दिए। लोमड़ी ने सारे जामुन खा लिए और खुश होकर चली गई। | | | |
| | | **खण्ड (ग)** | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रश्न 7** | | **निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** | **3X1=3** |
| | | पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो<br>कितना ही हो सिर पर भार\|<br>नभ कहता है फैलो इतना<br>ढक लो तुम सारा संसार\| | |
| | (क) | धैर्य न छोड़ने के लिए कौन कह रहा है? | |
| | (ख) | नभ हमें किसे ढकने की बात कह रहा है? | |
| | (ग) | शरीर के अंग का नाम जिस पंक्ति में आया है,उस पंक्ति को छाँटकर लिखिए\| | |
| **प्रश्न 8** | | **सही विकल्प का चयन कीजिए :-** | **3X1=3** |
| | (क) | रवि को स्कूल से कौन-सा गृहकार्य मिला था? | |
| | | i. सुंदर घर बनाने का    ii. अलग-अलग रंग बनाने का | |
| | | iii. स्वादिष्ट खाना बनाने का    iv. सुंदर चित्र बनाकर रंग भरने का | |
| | (ख) | रंग बनाने का तरीका रवि को किसने सिखाया? | |
| | | i. अध्यापिका ने    ii. माँ ने | |
| | | iii. दादी ने    iv. उसकी बहन ने | |
| | (ग) | कथन - रवि तुमने अनोखा चित्र बनाया है\| | |
| | | कारण - उसने चित्र में रंगों का ध्यान नहीं रखा था\| | |
| | | i. कथन और कारण दोनों सही हैं\|    ii. कथन और कारण दोनों गलत हैं\| | |
| | | iii. कथन सही है किंतु कारण गलत है\|    iv. कथन गलत है, किंतु कारण सही है\| | |
| **प्रश्न 9** | | **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** | **2X2=4** |
| | (क) | माँ रवि को कहाँ और क्यों लेकर गई? | |
| | (ख) | मम्मी-पापा नेहा को कैसा इनसान बनाना चाहते थे? | |
| | (ग) | नभ का क्या संदेश है? | |
| **प्रश्न 10** | | **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** | **5X1=5** |
| | | मेरी मम्मी का नाम सरिता है\| वे घर का हर काम इतनी अच्छी तरह से करती हैं कि कोई देखकर हैरान रह जाए\| वे रसोई में काम करते समय मसालों और दालों को छूकर और सूँघकर पहचान लेती हैं\| एक | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | दिन मैंने पूछा, "मम्मी, आपको कैसे पता चलता है कि नमक कितना डालना है?" मम्मी मुसकराई और बोलीं, मन से जो बनाओ, उसमें हर चीज़ सही बन जाती है\|" | |
| | (क) | मम्मी का काम देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। यह वाक्य सत्य है या असत्य है? | |
| | (ख) | नेहा ने अपनी माँ से क्या पूछा? | |
| | (ग) | रसोई में काम करते समय मम्मी मसालों को कैसे पहचानती हैं? | |
| | | i. चखकर और देखकर    ii. छूकर और सूँघकर | |
| | | iii. पूछकर और पढ़कर    iv. अंदाज़े से | |
| | (घ) | मम्मी के अनुसार हर चीज़ सही कब बनेगी? | |
| | | i. जब ईश्वर की मर्ज़ी होगी\|    ii. जब ज़्यादा मसाले होंगे\| | |
| | | iii. जब मन से बनाओगे\|    iv. जब माँ का साथ होगा\| | |
| | (ङ.) | मेरी मम्मी का नाम सरिता है - इस वाक्य में 'सरिता' शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है? | |
| | | **खण्ड (घ)** | |
| **प्रश्न 11** | | **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :-** | **3X1=3** |
| | | i. मसलना    ii. प्यार    iii. शीश | |
| **प्रश्न 12** | | **नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40 से 45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए :-** | **1X5=5** |
| | |  | |

# Delhi Public School Gandhinagar

## Academic session (2026-27)

Class: III

<u>Study Materials</u>

# AUGUST: 2026

## Subject: Hindi

## पाठ - 6 मैंने रंग बनाए

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) चौंककर - हैरान होकर

(ख) मसलना - रगड़ना

(ग) पंखुड़ियाँ - फूल की पत्तियाँ

(घ) अनोखा - निराला

**वाक्य रचना**

चौंककर - बालक अपना नाम सुनकर चौंककर खड़ा हो गया|

मसलना - उसने पत्तियों को हाथ से मसल दिया|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 माँ रवि को कहाँ और क्यों लेकर गई?

उत्तर: माँ रवि को रसोई में रंग बनाने का सामान ढूँढने के लिए ले गई|

2 रवि ने पीला, लाल और गुलाबी रंग कैसे बनाया?

उत्तर: रवि ने हल्दी से चमकीला पीला, चुकंदर से गहरा गुलाबी और टमाटर से लाल रंग बनाया|

3 रवि को जादू जैसा क्या लग रहा था?

उत्तर: फूलों की पंखुड़ियों से बना नारंगी और बैंगनी रंग देखकर रवि को जादू जैसा लगा|

4 शिक्षिका को रवि का चित्र अनोखा क्यों लगा?

उत्तर: शिक्षिका को रवि का चित्र अनोखा इसलिए लगा क्योंकि उसने चित्र में रंग भरने के लिए प्राकृतिक वस्तुओं का प्रयोग किया था|

**CBE QUESTIONS**

1 रवि क्यों उदास था?

उत्तर: रवि इसलिए उदास था क्योंकि उसके रंगों की डिब्बी खो गई थी|

2 आप की माँ सब्ज़ी में पीले और लाल रंग के लिए किस मसाले का प्रयोग करती हैं?

उत्तर: माँ सब्ज़ी में पीले और लाल रंग के लिए हल्दी और लाल मिर्च का प्रयोग करती है|

3 पेड़ के पत्तों को मसलने पर कौन-सा रंग मिलेगा?

उत्तर: पेड़ के पत्तों को मसलने पर हरा रंग मिलेगा |

4 आप को चित्र में रंग भरना हो और आपके रंग की डिब्बी खो जाए तो आप क्या करेंगे? **(CASE BASE)**

उत्तर: रवि की तरह माँ की मदद से प्राकृतिक वस्तुओं का प्रयोग कर रंग भरने का काम करेंगे|

5 हमारी सुंदर सी धरती में रंग किसने भरे हैं?

उत्तर: हमारी सुंदर सी धरती में ईश्वर ने रंग भरे हैं|

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

1 **सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -**

(क) पत्तों को मसलने से हरा रंग मिलेगा, क्योंकि पत्ते होते हैं -

i. हरे ✓ ii. पीले iii. लाल

(ख) 'वाह! यह तो बहुत सुंदर है|' वाक्य में 'वाह!' का भाव है -

i. बढ़िया ✓ ii. ख़राब iii. औसत

(ग) रवि को किस बात पर गर्व हो रहा था?

i. चित्र पर ✓ ii. मेहनत पर iii. माँ पर

2 **कहानी के आधार पर सही या गलत का निशान लगाइए -**

| | |
|---|---|
| क. रवि के रंगों की डिब्बी खो गई थी| | ✓ |
| ख. माँ ने रवि को लापरवाह समझा| | X |
| ग. हल्दी से नारंगी रंग बना| | X |
| घ. रवि ने फूलों का चित्र बनाया| | X |

4 **पाठ के इस अंश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

अगले दिन रवि ने अपना चित्र स्कूल में दिखाया| शिक्षिका ने कहा, "वाह! रवि, यह तो सबसे अनोखा चित्र है| तुमने इन रंगों को कैसे बनाया?"

रवि ने गर्व से कहा, "मैंने और माँ ने मिलकर ये रंग रसोई और बगीचे से बनाए|"

क. शिक्षिका रवि के चित्र के बारे में क्यों जानना चाहती थी?

उत्तर: शिक्षिका रवि के चित्र में प्रयुक्त प्राकृतिक रंगों के बारे में जानना चाहती थी|

ख. कक्षा के सामने रवि कैसा महसूस कर रहा था?

उत्तर: कक्षा के सामने रवि गर्व महसूस कर रहा था|

भाषा - व्याकरण की ओर

1 **देखिए, समझिए और लिखिए -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) रंग - | लाल | गुलाबी | पीला |
| (ख) मसाले - | हल्दी | धनिया | मिर्च |
| (ग) फूल - | गुलाब | गेंदा | मोगरा |
| (घ) पेड़ - | पीपल | बरगद | नीम |

2 **निम्नलिखित वाक्यों में विराम-चिह्न लगाइए -**

(क) रवि ने चौंककर पूछा, "सच, माँ! क्या ऐसा हो सकता है?"

(ख) माँ ने कहा, "वाह! यह तो बहुत सुंदर है|"

3 **निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण भरिए -**

उसने एक <u>सुंदर</u> पेड़ बनाया, जिसमें <u>हरे</u> पत्ते और <u>लाल</u> सेब थे| उसने सूरज को हल्दी के पीले रंग से रँगा और आसमान को <u>नीले</u> फूलों से बनाया|

**4** नीचे दिए गए चित्रों और शब्दों को मिलाकर नया शब्द लिखिए - -**( गृहकार्य )**

| | | |
|---|---|---|
| रसोई |  | रसोईघर |
|  | गाड़ी | रेलगाड़ी |
|  | मुखी | सूरजमुखी |
|  |  | गुलाबजामुन |

**ACTIVITY -**

अलग-अलग रंगों को मिलाकर नए रंग बनाइए|

**Reflection Learning-**

1. ➢ रंगों के साथ-साथ प्राकृतिक रंगों के बारे में जानकारी मिली|
2. ➢ पाठ का शुद्ध वाचन करने के साथ शब्द भंडार में वृद्धि हुई|

## व्याकरण

## सर्वनाम

**1 इन वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित करो|**

(क) मैं आज विद्यालय नहीं गया|

(ख) वे क्रिकेट खेल रहे हैं|

(ग) उसके पिताजी डॉक्टर हैं|

(घ) आप कहाँ जा रहे हैं?

(ड.) कल हम घूमने जाएँगे|

**2 सही सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान भरो|**

(क) मेरा नाम सेजल है | (मैं, तुम, मेरा)

(ख) वह समय पर विद्यालय जाती है| (वह, तुम, वे)

(ग) शेर को देखते ही वे भाग गए| (उन्हें, वे, तुम्हारा)

(घ) हम पिकनिक पर जाएँगे| (हम, मुझे, तुम)

(ड.) मैंने गृहकार्य पूरा कर लिया है| (मुझे, मैंने, वे)

**3 रंगीन संज्ञा शब्दों की जगह सर्वनाम लिखकर वाक्य लिखो|**

(क) साजिद तेज़ दौड़ता है| साजिद ने दौड़ में भाग लिया|

उत्तर साजिद तेज़ दौड़ता है| उसने दौड़ में भाग लिया|

(ख) चारू मेरी सहेली है| मैं चारू से लंबी हूँ|

उत्तर चारू मेरी सहेली है| मैं उससे लंबी हूँ|

(ग) आमना बहुत सुंदर है| आमना होशियार भी है|

उत्तर आमना बहुत सुंदर है| वह होशियार भी है|

(घ) रतन और गौरी भाई-बहन हैं| रतन और गौरी खेल रहे हैं|

उत्तर रतन और गौरी भाई-बहन हैं| वे खेल रहे हैं|

**4 कहानी में आए सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करो| दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्द किस संज्ञा के लिए आए हैं? लिखो|**

एक किसान था| उसके चार बेटे थे| वे आपस में लड़ते-झगड़ते रहते थे| एक दिन किसान बहुत बीमार पड़ गया| उसने अपने चारों बेटों से मिल-जुलकर रहने को कहा| बेटों ने उसकी बात न मानी| तब किसान ने लकड़ियों का एक गट्ठर मँगाया और चारों बेटों से बारी-बारी से उसे तोड़ने को कहा| कोई भी गट्ठर तोड़ न सका| फिर किसान ने चारों बेटों को एक-एक लकड़ी दी| चारों ने लकड़ियाँ आसानी से तोड़ दीं| उन्हें पिता की बात समझ में आ गई कि मिल-जुलकर रहने में ही हमारी भलाई है|

| | |
|---|---|
| (क) उसके चार बेटे थे| | किसान |
| (ख) वे आपस में लड़ते-झगड़ते रहते थे| | किसान के बेटे |
| (ग) बेटों ने उसकी बात न मानी| | किसान |
| (घ) चारों बेटों ने उसे तोड़ने को कहा| | लकड़ियों का गट्ठर |
| (ड.) उन्हें पिता की बात समझ में आ गई| | किसान के बेटे |

## विशेषण

**1 विशेषण शब्दों के नीचे रेखा खींचो|**

(क) आम मीठा है|

(ख) मेरे कई मित्र हैं|

(ग) मेज़ पर तीन पुस्तकें रखी हैं|

(घ) मोटा बंदर पेड़ पर बैठा है|

(ड.) गरम दूध मत पिओ|

**2 उचित विशेषण शब्द चुनकर लिखो|**

(क) आसमान में काले बादल छाए हैं| ( हरे / काले )

(ख) मेज़ पर दो पुस्तकें रखी हैं| ( दो / नरम )

(ग) मेरे पास कई खिलौने हैं| ( कई / शरारती )

(घ) लंबा आदमी खाना खा रहा है| ( लंबा / गोल )

(ड.) आओ, गरम चाय पिओ| ( भारी / गरम )

3 संज्ञा शब्दों के लिए उचित विशेषण शब्द छाँटकर लिखो|

क हरा तोता ख. लाल गुलाब

ग ठंडी लस्सी घ. छोटी लड़की

4 **चित्रों और शब्दों की सहायता से संज्ञा शब्दों के लिए दो-दो विशेषण लिखो|**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | तीन | सफ़ेद | इडली |
| (ख) | एक | छोटी | पेंसिल |
| (ग) | दो | पीले | केले |

5 अपने तीन मित्रों के नाम लिखो और उनके लिए उचित विशेषणों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य लिखो| **( गृहकार्य )**

(क) राधिका

मेरी सहेली राधिका बहुत सुंदर है|

(ख) आमना

आमना एक मेहनती एवं चतुर लड़की है|

(ग) ऋषभ

ऋषभ मेरा शरारती मित्र है|

## क्रियात्मक कार्य

## अपठित पद्यांश

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

सुंदर-सुंदर प्यारी-प्यारी, रंग-बिरंगी धरती
पहन चुनरिया रंगों वाली, दुल्हन जैसी लगती|
नीला-नीला आसमान हैं, बादल काले-काले
लाल, गुलाबी नीले-पीले, फूल बड़े मतवाले|
काला कौआ, काली कोयल, भालू भी है काला||

(क) सुंदर, प्यारी और रंग-बिरंगी किसे कहा गया है?

उत्तर सुंदर, प्यारी और रंग-बिरंगी धरती को कहा गया है|

(ख) धरती किसके जैसी लग रही है?

उत्तर धरती दुल्हन जैसी लग रही है|

(ग) काले बादल कहाँ घूम रहे हैं?

उत्तर काले बादल आसमान में घूम रहे हैं|

(घ) मतवाले फूल किस-किस रंग के हैं?

उत्तर मतवाले फूल लाल, गुलाबी, नीले और पीले रंग के हैं|

(ङ.) कोयल और कौए का रंग कौन-सा होता है?

उत्तर कोयल और कौए का रंग काला होता है|

## चित्र वर्णन

**नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40-45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए|**



यह चित्र एक सुंदर से बगीचे का है| सुबह का समय है| नीले आसमान में कुछ सफ़ेद बादल घूम रहे हैं| सूरज बादलों के साथ खेल रहा है| कुछ पंछी भी आसमान में उड़ रहे हैं| बगीचे में विशाल और घने पेड़-पौधे हैं, जिससे चारों ओर हरियाली ही हरियाली है| वहाँ पर रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं| फूलों का रस चूसने के लिए तितलियाँ मँडरा रही हैं| ठंडी-ठंडी हवा चल रही है| बच्चे बगीचे में पौधे लगाने का काम कर रहे हैं| राशि पौधों को पानी दे रही है| आरव सूखी पत्तियों को एकत्रित कर कूड़ेदान में डाल रहा है| रोहित गमले लेकर आया है| रोहन बड़े ध्यान से पेड़ों को देखकर खुश हो रहा है| मौसम सुहावना है इसलिए किसी भी बच्चे को घर जाने का मन नहीं कर रहा है|

**CBE LINK -** https://forms.gle/w2RYzoHdQrVPzzyK6

Delhi Public School Gandhinagar

Academic session (2026-27)

Class: III

Study Materials

# JULY: 2026

## Subject: Hindi

## पाठ- 4 प्रकृति-संदेश

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) शीश - सिर

(ख) उमंग - मौज

(ग) धैर्य - धीरज

(घ) नभ - आकाश

**वाक्य रचना**

शीश - अपने देश का शीश नहीं झुकने देंगे|

धैर्य - पृथ्वी हमें धैर्य रखना सिखाती हैं|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 कविता किसके विषय में है?

उत्तर: कविता प्रकृति के विषय में है|

2 'समझ रहे हो क्या कहती हैं|' यह बात कौन, किससे कह रहा है?

उत्तर: 'समझ रहे हो क्या कहती हैं|' यह बात सागर की लहरें, सभी लोगों से कह रही हैं|

3 जब सिर पर भार हो, तो हमें क्या करना चाहिए?

उत्तर: जब सिर पर भार हो, तो हमें धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए|

4 नभ का क्या संदेश है?

उत्तर: नभ कहता है फैल कर, तुम सारा संसार ढक लो|

**CBE QUESTIONS**

1 कविता में ऊँचे बनने की सीख कौन दे रहा है?

उत्तर: कविता में ऊँचे बनने की सीख पर्वत दे रहा है|

2 सागर लहराकर क्या कर रहा है?

उत्तर: सागर लहराकर मन में गहराई लाने को कह रहा है|

3 "पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो" - इस वाक्य के अनुसार धैर्य न छोड़ने का संदेश कौन दे रहा है?

उत्तर: इस वाक्य के अनुसार धैर्य न छोड़ने का संदेश पृथ्वी दे रही है|

4 नभ कहता है फैलो इतना, ढक लो तुम सारा संसार| - यह पंक्ति किस कविता से ली गई है, इसके रचयिता कौन है? **(CASE BASE)**

उत्तर: यह पंक्ति प्रकृति-संदेश कविता से ली गई है, इसके रचयिता सोहनलाल द्विवेदी है|

5 'गगन' शब्द का पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखिए|

उत्तर: गगन-नभ

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

1 **सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -**

(क) 'पृथ्वी' हमें किस गुण को बनाए रखने का संदेश देती है?

|  |  |  |
|---|---|---|
| i. उत्साह | ii. धैर्य ✓ | iii. विश्वास |

(ख) 'हमारे मन में अच्छे भाव और विचार होने चाहिए|' यह किसका संदेश है?

|  |  |  |
|---|---|---|
| i. नभ | ii. उमंग | iii. तरंग ✓ |

(ग) पर्वत हमें क्या कहता है?

|  |  |  |
|---|---|---|
| i. तुम भी ऊँचे बन जाओ ✓ | ii. तुम भी नीचे बन जाओ | iii. तुम नहीं बढ़ सकते |

2 **निम्नलिखित शब्दों का उचित मिलान कीजिए -**

|  |  |
|---|---|
| क. पर्वत | (i) फैलाव |
| ख. सागर | (ii) ऊँचाई |
| ग. पृथ्वी | (iii) धैर्य |
| घ. नभ | (iv) गहराई |

उत्तर: क- (ii) ख- (iv) ग- (iii) घ- (i)

4 **कविता के इस अंश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

समझ रहे हो क्या कहती हैं
उठ-उठ, गिर-गिर तरल तरंग|
भर लो, भर लो अपने दिल में
मीठी-मीठी मृदुल उमंग|

क. 'उठ' और 'गिर' कौन रहा है?

उत्तर: सागर की लहरें 'उठ' और 'गिर' रही हैं|

ख. उमंगों को कैसा बताया गया है?

उत्तर: उमंगों को मीठी और मृदुल बताया गया है|

भाषा - व्याकरण की ओर -

1 **निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार-अनुनासिक लगाइए - ( गृहकार्य )**

(क) डडा - डंडा
(ख) दात - दाँत
(ग) साप - साँप
(घ) गाव - गाँव
(ङ.) अतर - अंतर
(च) मुह - मुँह

2 **निम्नलिखित शब्दों के तुक वाले शब्द लिखिए -**

| **शब्द** | **कविता से** | **स्वयं से** |
|---|---|---|
| क - जाओ | लाओ | गाओ |
| ख - तरंग | उमंग | मृदंग |
| ग - भार | संसार | हार |
| घ - लहराकर | उठाकर | फैलाकर |

3 **निम्नलिखित वाक्यों को संज्ञा शब्दों से भरिए -**

(क) हिमालय पर्वत खड़ा है|

(ख) <u>कावेरी</u> नदी बह रही है|

(ग) आकाश में <u>तोता</u> उड़ रहा है|

(घ) <u>बच्चे</u> खेल रहे थे|

**ACTIVITY -**

- **कक्षा के दो समूहों में 'पुराने व आधुनिक समय में अंतर' विषय पर वाद-विवाद|**

**Reflection Learning-**

1. ➢ भारत देश की परम्परा को जानने के साथ वैज्ञानिक सोच का विकास हुआ|
2. ➢ पाठ का शुद्ध वाचन करने के साथ शब्द भंडार में वृद्धि हुई|

## पाठ- 5 सबसे बड़ा आशीर्वाद

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) आत्मनिर्भर - स्वयं पर निर्भर रहना

(ख) हिम्मत - साहस

(ग) प्रेरणा - प्रोत्साहन

(घ) आशीर्वाद - बड़ों की दुआएँ

**वाक्य रचना**

आत्मनिर्भर - हमें भारत देश को आत्मनिर्भर बनाना है|

प्रेरणा - उसके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 नेहा के माता-पिता अन्य लोगों से कैसे अलग थे?

उत्तर: नेहा के माता-पिता अन्य लोगों की तरह देख नहीं सकते थे|

2 नेहा मम्मी को क्या करते देख हैरान हो जाती थी?

उत्तर: नेहा मम्मी को घर का हर काम अच्छी तरह से करते देखकर हैरान हो जाती थी|

3 मम्मी-पापा नेहा को कैसा इनसान बनाना चाहते थे?

उत्तर: मम्मी-पापा नेहा को ऐसा इनसान बनाना चाहते थे जो मुश्किलों में न घबराए और हमेशा हिम्मत और मेहनत से जीवन में आगे बढ़े और सबकी मदद करे|

4 नेहा के दोस्त उसके मम्मी-पापा के बारे में क्या सोचते थे?

उत्तर: नेहा के दोस्त उसके मम्मी-पापा के बारे में सोचते थे कि वे देख नहीं सकते, तो तुम्हें मुश्किल होती होगी|

**CBE QUESTIONS**

1 मेरा नाम नेहा है| मैं नौ साल की हूँ| इस वाक्य में नेहा ने अपने लिए कौन-से सर्वनामों का प्रयोग किया है?

उत्तर: इस वाक्य में नेहा ने अपने लिए 'मैं' और 'मेरा' सर्वनामों का प्रयोग किया है|

2 नेहा को स्कूल के लिए कौन तैयार करता था?

उत्तर: नेहा को स्कूल के लिए उसकी मम्मी तैयार करती थी|

3 नेहा के पिताजी चलते समय किसका सहारा लेते थे?

उत्तर: नेहा के पिताजी चलते समय छड़ी का सहारा लेते थे|

4 एक दिन मैं उदास थी, क्योंकि मैं हिंदी की परीक्षा में अच्छा नहीं कर पाई| पापा ने मुझे गोद में बिठाया और कहा, "नेहा, कभी हार मत मानना| मैं हर दिन तुम्हारी मदद करूँगा|"

**(CASE BASE)**

(क) पापा नेहा को गोद में बैठाकर क्यों समझाने लगे?

उत्तर: पापा नेहा को गोद में बैठाकर समझाने लगे क्योंकि हिंदी में कम अंक आने के कारण वह उदास थी|

(ख) अगर किसी विषय आपके कम अंक आएँगे तो आप क्या करेंगे?

उत्तर: अगर किसी विषय में कम अंक आएँगे तो हम उस विषय में ज़्यादा मेहनत कर अच्छे अंक पाने की कोशिश करेंगे|

**पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य**

1 **सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -**

(क) नेहा किस विषय की परीक्षा में अच्छा नहीं कर पाई?

i. गणित ii. अंग्रेज़ी iii. हिंदी ✓

(ख) नेहा के विषय में कौन-सी बात सही नहीं है?

i. वह नौ साल की है| ii. वह अच्छा खाना बनाती है| ✓ iii. वह तीसरी कक्षा में पढ़ती है|

(ग) 'उन्होंने मुझे आत्मनिर्भर रहना सिखाया|' यहाँ 'आत्मनिर्भर' का अर्थ है -

i. दूसरों पर निर्भर ii. स्वयं पर निर्भर ✓ iii. काम करना

2 **निम्नलिखित वाक्यों को उचित शब्द भरकर पूरा कीजिए -**

(क) आपको कैसे पता चलता है कि नमक कितना डालना है? ( कि / की )

(ख) पढ़ाई के साथ-साथ अपने दोस्तों की मदद भी करना| ( कि / की )

(ग) मैं हर दिन तुम्हारी मदद करूँगा| ( मदद / तारीफ़ )

(घ) माता-पिता की कहानियों से मुझे प्रेरणा मिलती है| ( प्रेरणा / आनंद )

भाषा - व्याकरण की ओर -

1 **निम्नलिखित शब्दों के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

| | |
|---|---|
| (क) प्यार - प्रेम | (ख) घर - आलय |
| (ग) मदद - सहायता | (घ) दुनिया - संसार |
| (ङ.) माता - मम्मी | (च) पिता - पापा |

2 **पाठ में से सर्वनाम शब्दों के प्रयोग वाले तीन वाक्य छाँटकर लिखिए - ( गृहकार्य )**

(क) मेरा नाम नेहा है|

(ख) मेरी मम्मी का नाम सरिता है|

(ग) वे घर का काम अच्छी तरह से करती हैं|

**3 निम्नलिखित वाक्यों को काम वाले शब्दों के सही रूप से भरिए -**

(क) मम्मी बेसन के लड्डू बनाती हैं| (बनाना)

(ख) नेहा के पापा छड़ी के सहारे चलते हैं| (चलना)

(ग) नेहा के मम्मी-पापा उसका खयाल रखते हैं| (रखना)

(घ) नेहा के दोस्त ने उससे कुछ सवाल किए थे| (करना)

**ACTIVITY -**

लुई ब्रेल के बारे में जानकारी एकत्रित कर पोस्टर बनाइए|

**Reflection Learning-**

1. जो लोग देख नहीं सकते उनके दर्द को समझेंगे|
2. लुई ब्रेल लिपि के बारे में जानकारी मिलेगी|

**HOME WORK -**

प्रश्नों के उत्तर लिखकर याद करना|

**व्याकरण**

**वचन**

**1 पढ़ो, समझो और जोड़े बनाओ| ( गृहकार्य )**

| | | |
|---|---|---|
| (क) गुड़िया - गुड़ियाँ | (ख) तोता - तोते | (ग) छात्रा - छात्राएँ |
| (घ) आम - आम | (ड.) पत्ता - पत्ते | (च) सेब - सेब |

**2 दिए गए शब्दों में से एक और अनेक छाँटकर लिखिए -**

| एक | अनेक |
|---|---|
| पत्ता | पत्ते |
| गाड़ी | मालाएँ |
| घड़ी | कमरे |
| दवाई | लड़कियाँ |
| छाता | बस्ते |
| आँख | टोपियाँ |

**3 दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए -**

| | |
|---|---|
| संतरा - संतरे | लड़का - लड़के |
| घड़ी - घड़ियाँ | पैसा - पैसे |
| पेड़ - कई पेड़ | साधु - कई साधु |
| गेंद - गेंदें | बकरी - बकरियाँ |

**4 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करिए -**

(क) लड़कियाँ झूला झूल रही हैं| ( लड़की / लड़कियाँ )

(ख) मेज़ पर मिठाइयाँ रखी हैं| ( मिठाई / मिठाइयाँ )

(ग) सारी पुस्तकें बस्ते में रखो| ( पुस्तक / पुस्तकें )


(घ) बिस्तर पर बिछी चादर नई है| ( चादर / चादरें )

(ङ.) मेरा छाता नया है| ( छाता / छाते )

## क्रियात्मक क्रिया

## चित्र वर्णन

**नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40-45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए|**



यह चित्र एक सुंदर से उपवन का है| सुबह का समय है| नीले आसमान में कुछ बादल घूम रहे हैं| सूरज बादल के पीछे छिप रहा है| बगीचे में हरे और घने पेड़-पौधे हैं, जिससे चारों ओर हरियाली ही हरियाली है| वहाँ पर रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं| फूलों का रस चूसने के लिए तितलियाँ मँडरा रही हैं| ठंडी-ठंडी हवा चल रही है| कुछ बच्चे बगीचे में मज़े से खेल रहे हैं| राशि पौधों को पानी दे रही है| आरव और श्याम एक किला बना रहे हैं| रुचिका अपने भाई गोलू को पकड़ रही है| सीमा बड़ी मस्ती से झूला झूल रही है| मौसम सुहावना है इसलिए किसी भी बच्चे को घर जाने का मन नहीं कर रहा है|

**CBE LINK - https://forms.gle/qpUYVbZ4AjFFqyCh7**

# Delhi Public School Gandhinagar

## Academic session (2026-27)

Class: III

Study Materials

# JUNE: 2026

## Subject: Hindi

## पाठ- 3 समय - यात्रा

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) उजला - चमकीला

(ख) प्राचीन - पुराना

(ग) आश्चर्य - हैरानी

(घ) उत्साह - जोश

**वाक्य रचना**

प्राचीन-भारत में कई प्राचीन इमारतें हैं|

उत्साह-बच्चे बड़े उत्साह से प्रश्न पूछने लगे|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 बच्चे समय में पीछे कैसे चले गए थे?

उत्तर: बच्चे पुरानी घड़ी का प्रयोग कर समय में पीछे चले गए थे|

2 बच्चों को गाँव में किस तरह की चीज़ें देखने को मिलीं?

उत्तर: बच्चों को गाँव में मिट्टी के घर, बैल चलाते किसान, कुएँ, हैंडपंप, नहरें, पत्थरों के बरतन, मंदिर और मूर्तियाँ देखीं|

3 तारों की मदद से गाँववाले किसका हिसाब लगाते थे?

उत्तर: तारों की मदद से गाँववाले समय का पता लगाते थे|

4 बच्चों को गाँव के लोग कैसे लगे?

उत्तर: बच्चों को गाँव के लोग मेहनती और मिल-जुलकर काम करने वाले लगे|

**CBE QUESTIONS**

1. 'समय-यात्रा के लिए तैयार हो जाओ|' यह वाक्य किस पर लिखा था?

उत्तर: 'समय-यात्रा के लिए तैयार हो जाओ|' यह वाक्य पुरानी घड़ी पर लिखा था|

2. घड़ी का बटन दबाते ही क्या हो गया?

उत्तर: बच्चे एक उजले घेरे में गायब हो गए|

3. "यहाँ तुम्हारा स्वागत है|" - इस वाक्य के अनुसार बच्चों का स्वागत किसने किया?

उत्तर: "यहाँ तुम्हारा स्वागत है|" - इस वाक्य के अनुसार बच्चों का स्वागत बुज़ुर्ग व्यक्ति ने किया|

4. खेतों में किसान जिसके साथ हल चला रहा था, वह गाय का स्त्रीलिंग है, उसका नाम लिखिए|

उत्तर: खेतों में किसान बैलों के साथ हल चला रहा था|

5. पत्थरों से बरतन बनता देख कौन चौंका?

i. आरव　　ii. मीरा

iii. आदित्य　　iv. सिया

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

1 सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -

(क) 'आदित्य को एक और चीज़ ने चौंका दिया|' वाक्य में 'चौंका' का अर्थ है -

i. आश्चर्य ✓　ii. उत्साह　iii. घबराहट

(ख) बच्चों को प्राचीन भारत का गाँव देख सबसे ज़्यादा किस बात पर आश्चर्य हुआ?

i. बैलों का प्रयोग देखकर　ii. मशीनों का प्रयोग देख कर　iii. पत्थर से बरतन बनते देखकर ✓

(ग) प्राचीन भारत में लोग विज्ञान की सहायता से -

i. मूर्तियाँ बनाते थे|　ii. गणित के आधार पर इमारतें बनाते थे|　iii. तारे देखकर समय का पता लगाते थे|

विकल्प अ (i) और (ii)　ब (ii) और (iii) ✓　स (i) और (iii)

2 **निम्नलिखित घटनाओं को कहानी के क्रम से लगाइए -**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | बच्चों ने घड़ी को फिर से चालू किया और वे अपने समय में वापस लौट आए| | 5 |
| (ख) | बच्चों ने गाँव के मंदिर की दीवारों पर सुंदर मूर्तियाँ देखीं| | 3 |
| (ग) | मीरा ने पूछा, "यहाँ के लोग बिना मशीन के इतना सुंदर काम कैसे करते हैं?" | 4 |
| (घ) | बुज़ुर्ग व्यक्ति ने बताया कि वे प्राचीन भारत के एक गाँव में हैं| | 1 |
| (ङ.) | बच्चों ने देखा कि गाँव में किसान बैल से खेती कर रहे थे| | 2 |

4 **पाठ के इस अंश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

गाँव में एक --------------------- कैसे करते हैं?

(क) मूर्तियाँ कहाँ बनी हुई थीं?

उत्तर: मूर्तियाँ मंदिर की दीवारों पर बनी हुई थीं|

(ख) मीरा आश्चर्यचकित क्यों थी?

उत्तर: बिना मशीन के इतना सुंदर काम देखकर आश्चर्यचकित हो गई|

**भाषा - व्याकरण की ओर -**

1 'र' के तीनों रूपों के दो-दो उदाहरण लिखिए -

(क) सामान "र"　राजा　पुरानी

(ख) रेफ़ (र्) धर्म कर्म

(ग) पदेन ( ⁄ ) प्रकाश प्राचीन

**2 अपने आस-पास से ऐसी चीज़ों की सूची बनाइए, जो एक है या एक से अधिक हैं -**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| छत | तारे |
| सूरज | कमरे |
| चाँद | पौधे |

**3 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -**

(क) जो खेती करता हो किसान

(ख) जो विज्ञान से संबंधित हो वैज्ञानिक

(ग) जो मिट्टी का सामान बनाता हो कुम्हार

(घ) जो कपड़े सिलता हो दर्जी

(ड.) जो इलाज करता हो चिकित्सक

**ACTIVITY -**

- **गुजरात राज्य के प्रसिद्ध मंदिर और पर्यटन स्थलों पर एक चित्रात्मक परियोजना तैयार कीजिए| (SEA)**

**Reflection Learning-**

- प्राचीन भारत के ज्ञान-विज्ञान से परिचित हुए|
- पाठ का शुद्ध वाचन करने के साथ शब्द भंडार में वृद्धि हुई|

**व्याकरण**

**लिंग**

**1. पढ़ो, समझो और जोड़े बनाओ|**

| | | |
|---|---|---|
| **क** | **चूहा** | **चुहिया** |
| **ख** | **राजा** | **रानी** |
| **ग** | **छात्र** | **छात्रा** |
| **घ** | **भैंस** | **भैंसा** |
| **ड.** | **हंस** | **हंसिनी** |
| **च** | **मुर्गी** | **मुर्गा** |

**2. इन शब्दों के स्त्रीलिंग रूप लिखो|**

बालक - बालिका कुम्हार - कुम्हारिन

चाचा - चाची

बेटा - बेटी

बिल्ला - बिल्ली

शेर - शेरनी

घोड़ा - घोड़ी

लेखक - लेखिका

**3. समूह से अलग (लिंगवाले) शब्द पर X लगाओ|**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | चाचा | मामा | नानी X | दादा |
| (ख) | छात्रा | लड़की | औरत | आदमी X |
| (ग) | बंदर | शेरनी X | हाथी | घोड़ा |
| (घ) | हंसिनी X | मोर | चिड़ा | कबूतर |
| (ड.) | गिलास | कटोरी X | ताला | फूलदान |

**4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य लिखो|**

(क) दादीजी कहानी सुना रही हैं|

दादाजी कहानी सुना रहे हैं|

(ख) माली पौधा लगा रहा है|

मालिन पौधा लगा रही है|

(ग) गायिका गाना गा रही है|

गायक गाना गा रहा है|

(घ) पिताजी बाज़ार गए हैं|

माताजी बाज़ार गई हैं|

(ड.) अध्यापिका पढ़ा रही हैं|

अध्यापक पढ़ा रहे हैं|

**5. रेखांकित शब्द बदलकर सही वाक्य लिखो|**

(क) चिड़ा कहाँ बैठी है?

चिड़ा कहाँ बैठा है?

(ख) नागिन बिल में घुस गया|

नागिन बिल में घुस गई|

(ग) सुनार गहने बनाती है|

सुनार गहने बनाता है|

(घ) छात्रा गृहकार्य कर रहा है|

छात्रा गृहकार्य कर रही है|

**HOME WORK -**

**6 मोर का चित्र बनाकर रंग भरो| उसका स्त्रीलिंग रूप भी लिखो|**

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**

**Class - 3**

**Term - 1 APRIL & MAY (2026-27)**

## पाठ- 1 सुंदर पास-पड़ोस बनाओ

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) शीतल - ठंडा

(ख) तरु - पेड़

(ग) अंधकार - अँधेरा

(घ) सुंदर - खूबसूरत

**वाक्य रचना**

शीतल- मटके का जल शीतल है|

तरु- बगीचे में तरु की छाया है|

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

1 कलियाँ हमसे क्या कहती हैं?

उत्तर: कलियाँ हमसे हँसने और मुसकाने को कहती हैं|

2 आगे बढ़ते जाने का क्या अर्थ है?

उत्तर: हमें जीवन में बिना घबराए नदियों की तरह ही आगे बढ़ना चाहिए|

3 'अंधकार से मत घबराओ' पंक्ति का क्या अर्थ है?

उत्तर: कठिन परिस्थितियों में भी बिना घबराए जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए|

4 'जब तक दम बाकी हो', तब तक हमें क्या करते रहना चाहिए?

उत्तर: 'जब तक दम बाकी हो' तब तक हमें अपने प्रत्येक प्रयास से अपने आस-पड़ोस को सुंदर बनाना चाहिए|

**CBE QUESTIONS**

1. हर समय हँसने और मुसकाने को कौन कहती हैं?

उत्तर: हर समय हँसने और मुसकाने को कलियाँ कहती हैं|

2. कविता में किसे सुंदर बनाने के लिए कहा गया है?

उत्तर: कविता में पास-पड़ोस को सुंदर बनाने के लिए कहा गया है|

3. तुम ऊपर उठते जाओ - कविता की इस पंक्ति को कौन कह रहा है?

उत्तर: तुम ऊपर उठते जाओ - कविता की इस पंक्ति को तरु-पौधे कह रहा है|

4. दीपक के अनुसार हमें किससे घबराना नहीं चाहिए?

उत्तर: दीपक के अनुसार हमें अंधकार से घबराना नहीं चाहिए|

5. कविता के कवि का नाम लिखिए|

उत्तर: श्रीनाथ सिंह

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

1 सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए -

(क) नदियाँ हमसे किन्हें शीतल करने के लिए कह रही हैं?

i. कुछ लोगों को ii. बहुत लोगों को iii. सभी लोगों को ✔

(ख) कवि सभी से क्या कह रहे हैं?

i. पेड़-पौधे लगाओ ii. सब सुंदर बन जाओ iii. सुंदर पास-पड़ोस बनाओ ✔

(ग) 'रहो सदा तुम सबके ---------, सुंदर पास-पड़ोस बनाओ|' खाली जगह के लिए सही शब्द होगा-

i. न्यारे ii. प्यारे ✔ iii. दुलारे

**कविता की पंक्तियों का मिलान कीजिए -**

(क) हर दम हँसो और - मुसकाओ

(ख) देखो क्या कहती है - नदियाँ

(ग) तुम ऊपर को उठते - जाओ

(घ) सुंदर पास-पड़ोस - बनाओ

**2. कविता के इस अंश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**देखो क्या कहते तरु-पौधे,**
**तुम ऊपर को उठते जाओ|**
**हरा-भरा मन रखो अपना,**
**सुंदर पास-पड़ोस बनाओ|**

क तरु व पौधे किसे और क्या कहते हैं?

उत्तर: तरु व पौधे मनुष्य और बच्चों को ऊपर उठने को कहते हैं|

ख हरा-भरा मन रखने का क्या अर्थ है?

उत्तर: आस-पास को सुंदर बनाओ और खुशहाली फैलाओ|

**भाषा - व्याकरण की ओर**

1 **कविता से समान तुक वाले शब्द लिखिए -**

| | | |
|---|---|---|
| कलियाँ | जाओ | पास |
| नदियाँ | बनाओ | पड़ोस |

**गृहकार्य** 2 **अपने आस-पास से कुछ नाम वाले शब्द पहचानकर लिखिए -**

| | | |
|---|---|---|
| पेड़ | दीवार | दरवाज़ा |
| सड़क | घर | चौकीदार |

**ACTIVITY -**

- **अपने आस-पास दिखने वाले दृश्य का एक सुंदर चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए| (AIL)**
- **पेड़ों के महत्त्व पर चर्चा|**

**Reflection Learning-**

1. ➢ **पास-पड़ोस का महत्त्व समझकर उसे साफ़-सुथरा रखने का प्रयास किया|**
2. ➢ **पाठ का शुद्ध वाचन करने के साथ शब्द भंडार में वृद्धि हुई|**

## व्याकरण

**हमारी भाषा**

**1. चित्रों में अपनी बात कैसे कही गई है? सही उत्तर पर ✔ लगाओ -**



i. लिखकर ii. बोलकर iii. संकेत देकर ✔



i. लिखकर ✔ ii. बोलकर iii. संकेत देकर



i. लिखकर ii. बोलकर ✔ iii. संकेत देकर

**2. हाँ या नहीं में उत्तर दो -**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | पत्र लिखना भाषा का मौखिक रूप है \| | नहीं |
| (ख) | हम अपनी बात भाषा के माध्यम से बताते हैं \| | हाँ |
| (ग) | मोबाइल पर बात करना भाषा का मौखिक रूप है \| | हाँ |
| (घ) | पुस्तक में भाषा का मौखिक रूप मिलता है \| | नहीं |
| (ड.) | हिंदी एक भाषा है \| | हाँ |

**3. चित्रों में भाषा के किस रूप का प्रयोग हो रहा है -**

(क) 

लिखित

(ख) 


मौखिक

(ग) 


लिखित

(घ) 

लिखित

**4. मौखिक और लिखित भाषा के दो-दो उदाहरण छाँटकर लिखिए -**

(क) मौखिक भाषा - फ़ोन, रेडियो

(ख) लिखित भाषा - पुस्तक, अख़बार

**5. पोशाक पहचानकर प्रदेश का नाम तथा वहाँ बोली जाने वाली भाषा लिखो -**



गुजरात गुजराती



पश्चिम बंगाल बांग्ला



महाराष्ट्र मराठी



पंजाब पंजाबी

**ACTIVITY - भारत के किन्हीं पाँच राज्यों के नाम लिखकर उनकी भाषाएँ लिखिए|**

## संज्ञा

1. **वर्णों का क्रम बदलकर चित्रों का सही नाम लिखो-**

   गिरगिट नाशपाती रजनीगंधा

2. **वर्ग पहेली में से संज्ञा शब्द ढूँढकर सही स्थान पर लिखिए -**



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कं | ट | दु | ख | र |
| घी | मा | प | का | [illegible] |
| मो | ट | पी | मा | ली |
| र | र | ता | थ | म |
| च | म | ट | शे | र |



व्यक्ति - माली

वस्तु - कंघी

फल - पपीता

सब्ज़ी - टमाटर

पशु - शेर

पक्षी - मोर

मन का भाव - दुख

3. **संज्ञा शब्दों को रेखांकित करो और खाली स्थान भरकर वाक्य पूरे करो -**

   राधिका गाँव में रहती है| उसके पिताजी किसान हैं| वे अनाज और सब्ज़ी उगाते हैं| एक बार वे अपने भाई से मिलने शहर गए| वे राधिका को भी अपने साथ ले गए| वहाँ बाज़ार से

उन्होंने कुछ कपड़े और खिलौने खरीदे| वे चिड़ियाघर भी देखने गए| राधिका को जिराफ़, मगरमच्छ और हाथी देखकर बहुत ख़ुशी हुई|

(क) राधिका गाँव में रहती है|

(ख) उसके पिताजी किसान हैं|

(ग) वहाँ बाज़ार से उन्होंने कुछ कपड़े और खिलौने खरीदे|

(घ) राधिका को जिराफ़, मगरमच्छ और हाथी देखकर बहुत ख़ुशी हुई|

4. **कोष्ठक में से उचित संज्ञा शब्द चुनकर खाली जगह में लिखो -**

(क) भारत एक देश है| (शहर / देश)

(ख) गुलाब एक फूल है| (फूल / फल)

(ग) आसमान में तारे चमक रहे हैं| (ज़मीन / आसमान)

(घ) रमेश ने गरम रोटी खाई| (रोटी / चाय)

(ड.) आरती पुस्तक पढ़ रही है| (पुस्तक / पेंसिल)

5. **दिए गए वाक्यों में से दो-दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो -**

| | | |
|---|---|---|
| (क) मेरे माता-पिता बाहर गए हैं| | माता | पिता |
| (ख) रीना ने एक गुलाब खरीदा| | रीना | गुलाब |
| (ग) ताज महल आगरा में है| | ताज महल | आगरा |
| (घ) मेरी कक्षा में चार पंखे हैं| | कक्षा | पंखे |
| (ड.) मेज़ पर अंगूर रखे हैं| | मेज़ | अंगूर |

6. **रेखांकित शब्द क्या हैं - व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव? लिखो -**

| | |
|---|---|
| (क) अपने प्रिय मित्र से मिलकर कपिल को बहुत ख़ुशी हुई| | भाव |
| (ख) जो भी काम करो, पूरी ईमानदारी से करो| | भाव |
| (ग) अलमारी से पुस्तक निकालो| | वस्तु |
| (घ) रीता प्रिया से लंबी है| | व्यक्ति |
| (ड.) मैं कल कोलकाता जाऊँगा| | स्थान |

ACTIVITY - संज्ञा शब्दों का खेल

## क्रियात्मक कार्य
## अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

शुतुरमुर्ग बहुत------------------------ दौड़नेवाला पक्षी है| (पेज न.-78, व्याकरण भारती)

(क) शुतुरमुर्ग का वज़न कितना होता है?

उत्तर शुतुरमुर्ग का वज़न 150 से 175 किलोग्राम होता है|

(ख) शुतुरमुर्ग की ऊँचाई कितनी होती है?

उत्तर शुतुरमुर्ग की ऊँचाई 7 से 9 फुट होती है|

(ग) शुतुरमुर्ग की टाँगे कैसी होती हैं?

उत्तर शुतुरमुर्ग की टाँगें पतली, लंबी और मज़बूत होती हैं|

(घ) शुतुरमुर्ग की एक विशेषता लिखो|

उत्तर शुतुरमुर्ग ज़मीन पर सबसे तेज़ दौड़नेवाला पक्षी है|

(ङ.) शुतुरमुर्ग के पैरों में कितनी उँगलियाँ होती हैं?

उत्तर शुतुरमुर्ग के पैरों में केवल दो उँगलियाँ होती हैं|

(छ) गद्यांश में सबसे तेज़ दौड़ने वाला पक्षी किसे बताया गया है?

उत्तर गद्यांश में सबसे तेज़ दौड़ने वाला पक्षी शुतुरमुर्ग को बताया गया है|

## अनुच्छेद लेखन

**'मेरा प्रिय मित्र' विषय पर 40-45 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए -**

अनुज मेरा प्रिय मित्र है| वह मेरी ही कक्षा में पढ़ता है| वह कक्षा में प्रथम आता है| वह अपना सभी काम समय पर करता है| वह सभी छात्रों से मीठा बोलता है| उसका स्वभाव दयालु है| वह हमेशा सभी की मदद करने के लिए तैयार रहता है| वह सभी शिक्षकों का सम्मान करता है| वह माता-पिता की आज्ञा का पालन करता है| हम दोनों मिलकर पढ़ाई करते हैं| वह मेरे घर के पास रहता है| हम रोज़ शाम को खेलते हैं| हम दोनों एक-दूसरे के घर आते जाते हैं| वह मेरी हर बात को समझता है| जब मुझे पढ़ने या समझने में परेशानी होती है, वह मेरी मदद करता है| मैंने उससे कई अच्छी बातें सीखी हैं|

अभ्यास हेतु - जब हम बच्चों ने सफ़ाई की (पेज न. - 70)

CBE LINK https://forms.gle/nTA2WR25YL6NPSxD8